**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :– 03 / 04–भू0अ0नि0(सं0आरोप)सीतामढ़ी–10 / 2024..2465.. पटना, दिनांक :– 21/07/2026

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 421 दिनांक 13.04.2026 द्वारा श्री अभिनन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13521) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि ये दिनांक 02.12.2024 से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत अनुपस्थित हैं, जिस संदर्भ में पूछे गये स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर भी इनके द्वारा नहीं दिया गया है। फलस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1662 दिनांक 18.05.2026 द्वारा श्री कुमार से 07 दिनों के अन्दर इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इनका संविदा समाप्त कर दिया जाएगा। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा 01 माह की लम्बी अवधि के बाद भी प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किया गया है।

चूंकि बंदोबस्त पदाधिकारी से इनके विरूद्ध दिनांक 02.12.2024 से ही अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का प्रतिवेदन प्राप्त है, इसके बावजूद भी नैसर्गिक न्याय के तहत निदेशालय स्तर पर इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, परन्तु इनके द्वारा अपना प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी एवं निदेशालय स्तर पर अवसर दिए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा अपना पक्ष नहीं रखा जाना है स्पष्ट करता है कि इन्हें विशेष सर्वेक्षण कार्य में कोई अभिरूचि नहीं है। साथ ही इनके द्वारा बार–बार वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना किए जाना इनके कृत्य को स्वतः परिलक्षित करता है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन / अनुशंसा के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधन नियमावली, 2022 के नियम 8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत श्री अभिनन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13521) का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsh 20/07/26

**(सुहर्ष भगत)**

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / 04–भू0अ0नि0(सं0आरोप)सीतामढ़ी–10 / 2024..2465.. **पटना, दिनांक** :– 21/07/2026

**प्रतिलिपि** :– श्री अभिनन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13521), बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 20/07/26

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / 04–भू0अ0नि0(सं0आरोप)सीतामढ़ी–10 / 2024..2465.. **पटना, दिनांक** :– 21/07/2026

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 20/07/26

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / 04–भू0अ0नि0(सं0आरोप)सीतामढ़ी–10 / 2024..2465.. **पटना, दिनांक** :– 21/07/2026

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suharsh 20/07/26

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप